सीमा सन्देश

वर्ष : 32 ■ अंक : 81 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, बुधवार, 21 सितम्बर, 2022 ई-अखबार पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

सीएसआईआर- सीरी का 70वें स्थापना दिवस आज

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर-सीरी 21 सितंबर 2022 को अपना 70वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है।

इस अवसर पर आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर चंद्रशेखर, मुख्य अतिथि होंगे तथा राजस्थान सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव श्रीमती मुग्धा सिन्हा तथा भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के प्रोफेसर के राजन्ना विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया करेंगे। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा संस्थान की वर्तमान शोध गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि अतिथियों को संस्थान की शोध प्रयोगशालाओं का परिदर्शन कराया जाएगा और प्रमुख शोध गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा संस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22 का विमोचन किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर अतिथियों द्वारा डॉ अमरजीत सिंह स्मारक स्थापना दिवस पुरस्कारों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा संस्थान में 10, 20, 30 तथा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कार्मिकों को सेवा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें डेजर्ट चौपाटी, झुंझुनूं के कलाकारों द्वारा राजस्थान प्रदेश की झलक दिखाती हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की जाएंगी।